# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी अरांई (अजमेर)

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 12/2026

1. ब्रहासिंह यादव पुत्र इन्द्रराज सिंह जाति अहीर (यादव), निवासी शकूरपुर गांव सरस्वती विहार नोर्थ वेस्ट दिल्ली

2. विक्रमसिंह पुत्र प्रभातीलाल जाति अहीर (यादव) शाहपुर अव्वल जिला महेन्द्रगढ हरियाणा

–प्रार्थीगण

वनाम

1. दीनबन्धु पुत्र जयप्रकाश, जाति अहीर (यादव), उम्र लगभग वर्ष, निवासी शाहपुरा अव्वल, तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ, हरियाणा

2. अशोक कुमार धोबी पुत्र बाबूलाल धोबी जाति धोबी निवासी साकिन प्लॉट नम्बर 30 श्री राधे गोविन्द रेजिडेन्सी जयसिंहपुरावास भांकरोटा जयपुर

3. कान्ता पुत्री गजानन्द जाति खटिक निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

4. कौशल पुत्र गजानन्द जाति खटिक निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

5. डालूराम पुत्र गजानन्द जाति खटिक निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

6. डाला पुत्री गजानन्द जाति खटिक निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

7. डोली पुत्री गजानन्द जाति खटिक निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

8. दुर्गा पुत्री गजानन्द जाति खटिक निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

9. रामकन्या पत्नि गजानन्द जाति खटिक निवासी ग्राम ढसूक तहसील अरांई जिला अजमेर राजस्थान

10. देशबन्धु पुत्र जयप्रकाश, जाति अहीर (यादव), उम्र लगभग वर्ष, निवासी शाहपुरा अव्वल, तहसील नारनोल जिला महेन्द्रगढ, हरियाणा

11. श्रीमान तहसीलदार महोदय, तहसील अरांई, जिला अजमेर, राजस्थान

– अप्रार्थीगण

## निर्णय प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111 व 128 भू–राजस्व अधिनियम 1956

वकील वादी योगेश शर्मा एडवोकेट

दिनांक

प्रार्थीगण की ओर एक प्रार्थना पत्र वकील योगेश शर्मा द्वारा अन्तर्गत धारा 111,128 राज0का0अधि01956 के तहत पेश किया । वकील वादी ने निवेदन किया कि प्रार्थीगण की कृषि भूमि वाके ग्राम पाण्डरबाड़ा पटवार हल्का पाण्डरवाडा भू.अ.नि.क्षेत्र ढसूक तहसील अरांई, जिला अजमेर राजस्थान में निम्न विवरण की स्थित है –

| खाता संख्या नया/पुराना | खसरा संख्या | क्षेत्रफल | किस्म |
|---|---|---|---|
| 146/126 | 697/525 | 1.7798 | बंजर 2 |
| कुल खसरा | 01 | 1.7798 हैक्टेयर | |

उपरोक्त कृषि आराजी में प्रार्थीगण सम्पूर्ण हिस्सा उक्त कृषि भूमि में राजस्व रिकार्ड अनुसार हिस्सा निहित होकर सह खातेदार, काविज, काश्तकार है। अपनी उपरोक्त वर्णित खातेदारी कृषि भूमि पर बदस्तूर सहखातेदार काश्तकार काबिज चले आ रहें है, तथा प्रार्थीगण के नाम राजस्व रिकार्ड में खातेदारी का अमल दरामद है तथा राजस्व नक्शा ट्रेस में भी प्रार्थीगण की भूमि का इन्द्राज चला आ रहा है।(अ) कृषि भूमि खसरा संख्या 697/525 क्षेत्रफल. 1.7798 हैक्टेयर– प्रार्थी स्वंय व अप्रार्थी संख्या 1 ग्राम पाण्डरवाडा स्थित खसरा संख्या 696/525 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार, है, उक्त भूमि खसरा संख्या 696/525 प्रार्थी की भूमि खसरा संख्या 697/525 के उत्तर दिशा में स्थित है। तथा अप्रार्थी संख्या 2 ग्राम पाण्डरवाडा स्थित खसरा संख्या 717/526 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार, है, उक्त भूमि उत्तर–पूर्व दिशा में स्थित है। तथा अप्रार्थी संख्या 3 लगायत 9 ग्राम पाण्डरवाडा स्थित खसरा संख्या 718/526 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार, है, उक्त भूमि खसरा संख्या 718/526 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 697/525 के दक्षिण–पूर्व दिशा में स्थित है। तथा अप्रार्थी संख्या 10 ग्राम पाण्डरवाडा स्थित खसरा संख्या 698/525 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार, है, उक्त भूमि खसरा संख्या 698/525 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 697/525 के दक्षिण दिशा में स्थित है। तथा प्रार्थी स्वंय की ग्राम पाण्डरवाडा स्थित खसरा संख्या 705/525 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार, है, उक्त भूमि खसरा संख्या 705/525 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 697/525 के उत्तर–पश्चिम दिशा में स्थित है। तथा प्रार्थी स्वयं की ग्राम पाण्डरवाडा स्थित खसरा संख्या 689/525 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर भूमि के रिकॉर्ड खातेदार, है, उक्त भूमि खसरा संख्या 689/525 प्रार्थीगण की भूमि खसरा संख्या 697/525 के दक्षिण–पश्चिम दिशा में स्थित है। प्रार्थी एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 10 के मध्य उपरोक्त भूमियां का सीमा विवाद चला आ रहा है तथा अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 10 आये दिन प्रार्थीगण की भूमि की

उपखण्ड अधिकारी
अरांई (अजमेर)

सीमाओं में हस्तक्षेप करते रहते है, जिससे प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 10 के मध्य लडाई–झगडा होता रहता है। अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 10 आये दिन प्रार्थीगण की भूमि की सीमाओं से छेडछाड करते रहते है तथा उसकी सीमाओं के संवंध में विवाद पैदा करते है। खसरान् के मध्य सीमा विवाद होने की वजह से अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 10 द्वारा आये दिन प्रार्थीगण के साथ उसके खातेदारी भूमि के कृषि भूमि पर विवाद उत्पन्न करने की वजह से प्रार्थीगण ने अप्रार्थी संख्या 11 के कार्यालय में सीमाज्ञान करवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर पटवारी महोदय, कालानाडा द्वारा दिनांक 20.06.2025 को सीमाज्ञान कर मौका पर्चा बनाया गया। जिसके पच्चात् भी उक्त अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थीगण की भूमि की सीमाओं को लेकर दिनांक 31.01.2026 को विवाद किया गया। वाद कारण दिनांक 31.01.2026 को अप्रार्थीगण द्वारा सीमाओं के विवाद को लेकर प्रार्थीगण के साथ गाली–गलौच करने से उत्पन्न हुआ है तथा प्रार्थीगण. के कृषि कार्य में अप्रार्थीगण द्वारा बाधा कारित करने तथा प्रार्थीगण के साथ सीमाओं को लेकर वाद विवाद करते रहने से वाद कारण सतत जारी है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 10 के मध्य स्पष्ट रेवेन्यू नक्शा ट्रेस राजस्व रिकार्ड में दर्ज है इसलिये प्रार्थीगण को उपरोक्त राजस्व नक्शा ट्रेस अनुसार सीमाओं के विवाद के निस्तारण हेतु यह प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक हुआ है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 10 की खातेदारी भूमियों के राजस्व नक्शा ट्रेस अनुसार सीमाओं का भौतिक सत्यापन करवाकर पत्थरगढी करवायी जानी न्यायहित में आवश्यक है ताकि सीमाओं का विवाद निस्तारित हो सके। चूंकि अप्रार्थी संख्या 10 राजस्व रिकार्ड संधारक है तथा राज्य सरकार का भू–अभिलेख प्रतिनिधि है इसलिये उपरोक्त सीमा विवाद एवं पत्थरगढ़ी हेतु उसे आवश्यक पक्षकार के रूप में संयोजित किया गया है। अतः श्रीमान से निवेदन है कि प्रार्थीगण की वाके ग्राम पाण्डरबाडा पटवार हल्का पाण्डरवाडा, भू.अ.नि.क्षेत्र ढसूक तहसील अराई, जिला अजमेर स्थित कृषि खसरा संख्या 697/525 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर की सीमाओं का भौतिक सत्यापन करवाकर, पत्थरगढी करवाकर प्रार्थी को राहत प्रदान करने की कृपा करें।

प्रकरण दिनांक 09.02.2026 को दर्ज किया गया तथा नोटिश तामिली हेतु भिजवाये गये। तामिली रिपोर्ट प्राप्त हुई। अप्रार्थीगण की ओर से कोई उपस्थित नही हुआ। अप्रार्थी सं 2 उपस्थित द्वारा कोई आपत्ति नही की गई तथा अन्य के विरूद्व एकपक्षीय कार्यवाही की गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया । पत्रावली में संलग्न दस्तावेजों का अवलोकन एवं मनन किया गया। वकील वादी की बहस सुनी गयी। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111,128 राज.का.अधि. स्वीकार किया जाता है एवं ग्राम पाण्डरबाडा पटवार हल्का पाण्डरवाडा, भू.अ.नि.क्षेत्र ढसूक तहसील अराई, जिला अजमेर स्थित कृषि खसरा संख्या 697/525 क्षेत्रफल 1.7798 हैक्टेयर का राज0 रिकोर्ड के अनुसार मौके पर नाप चौक कर पत्थरगढी करने हेतु तहसीलदार अराई को कमिश्नर फीस 1000/– रू पर कमिश्नर नियुक्त किया जाकर आदेश दिये जाते है कि प्रार्थीगण द्वारा कमिश्नर फिस 1000/– रू जमा करवाने पर वे मौके पर उपस्थित होकर प्रार्थी के कब्जेनुसार पक्षकारान की उपस्थिति में तथा राष्ट्रीय राजमार्ग में अवाप्तिधीन स्थिति को देखते हुए (एन एच में अवाप्तिधीन न हो) उक्त वाद का पक्षकारान की उपस्थिति में नाप चोक कर पत्थरगढी के आदेश दिये जाते है।

उपखण्ड अधिकारी
अराई (अजमेर)